सीबीएफसी ने नए सर्टिफिकेट डिज़ाइन का कार्यान्वयन शुरू किया है

अगली बार जब आप फिल्म देखने सिनेमा हॉल जाएंगे तो एक सुखद आश्चर्य आपका स्वागत करेगा !! जो प्रमाणपत्र आप फिल्म के शुरू में देखते है अब वह आपको नए एवं आधुनिक रूप में दिखेगा ।

केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड (सीबीएफसी) ने भारत के सभी नौ क्षेत्रीय कार्यालयों में अपने नए डिजाइन वाले प्रमाणपत्र के कार्यान्वयन की शुरुआत की है।

इस अवसर पर टिप्पणी करते हुए सीबीएफसी अध्यक्ष, श्री प्रसून जोशी ने इस बात पर अपना विश्वास दोहराया कि प्रमाण पत्र इंटरैक्टिव होना चाहिए और यह आधुनिक डिजिटल दुनिया को प्रतिबिंबित करनेवाला होना चाहिए, संगठन की कार्य प्रक्रियाओं में प्रौद्योगिकी के कारण हुई सहजता का लाभ उठाने के लिए पर्याप्त होना है। उन्होंने कहा कि नया डिजाइन सीबीएफसी और उसके बोर्ड के सकारात्मक, उपयोगकर्ता के अनुकूल तथा गतिशील दृष्टिकोण को रेखांकित करता है।

नए प्रमाणपत्र का डिजाइन सरल है साथ साथ आकर्षक भी है, बल्कि एक बटन के क्लिक पर फिल्म के बारे में सभी आवश्यक जानकारी प्रदान करता है। जैसे ही नए प्रमाणपत्र पर क्यूआर कोड को स्मार्टफोन से स्कैन करने पर उपयोगकर्ता सीधा सीबीएफसी वेबसाइट पर रिडायरेक्ट हो जाएगा, जहां से उन्हें फिल्म के प्रमाणीकरण से संबंधित मूल डेटा मिल जाएगा। इसके अलावा, तीन नए लिंक भी प्रदर्शित होंगे, जिन्हें आगे की जानकारी के लिए क्लिक किया जा सकता है। ये लिंक कास्ट / क्रेडिट डिटेल्स, फिल्म के सिनॉप्सिस / प्लॉट और फिल्म के ट्रेलर / प्रोमो के लिए हैं। इसके लिंक पर क्लिक करते ही ट्रेलर / प्रोमो प्ले होने लगता है।

संगठन के नए प्रमाण पत्र और नए सक्रिय लोगो 31 अगस्त, 2019 को केंद्रीय सूचना और प्रसारण मंत्री श्री. प्रकाश जावडेकर द्वारा अनावरण किया गया था। उनके साथ सूचना और प्रसारण मंत्रालय के सचिव श्री अमित खरे और सीबीएफसी अध्यक्ष श्री जोशी भी उपस्थित थे। मुम्बई में आयोजित इस कार्यक्रम में फिल्म उद्योग के कई प्रसिद्ध लोगों ने भाग लिया, जिनमें निर्देशक, निर्माता, अभिनेता और फिल्म संगठनों के प्रमुख शामिल थे।